पटना रिंग रोड • नेशनल हाईवे परियोजनाओं में राज्य की सबसे महंगी सड़क परियोजना, शीघ्र एजेंसी चयन कर काम शुरू होगा

शेरपुर-कन्हौली हिस्सा जल्द बनेगा... प्रति किमी लागत ₹92 करोड़

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

पटना रिंग रोड के शेरपुर-कन्हौली हिस्से को प्रति किलोमीटर 92 करोड़ की लागत से बनाने की मंजूरी मिली है। शीघ्र एजेंसी का चयन कर काम शुरु होगा। यह राज्य में नेशनल हाईवे परियोजनाओं में सबसे महंगी सड़क परियोजना है। मात्र 8.48 किलोमीटर कन्हौली-शेरपुर 6 लेन हाईवे की निर्माण लागत 778 करोड़ रुपए तय की गई है। इस परियोजना के लिए महंगी जमीन का खर्च उठाने को लेकर केन्द्र और राज्य में ठनी हुई थी। अंततः इस पर दोनों सरकारें राजी हुई है कि 11 गांवों की 83.76 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का कुल खर्च 284 करोड़ में से दोनों सरकारें आधी-आधी राशि उठाएंगी।

ये होंगे फायदे...

इस हिस्से के बन जाने के बाद ही शेरपुर-दिघवारा 6 लेन पुल होते हुए उत्तर बिहार जाना आसान होगा। इस हाइवे से जुड़े दानापुर-बिहटा एलिवेटेड और पटना-औरंगाबाद हाइवे होते हुए आरा सासाराम, औरंगाबाद, बक्सर, बनारस समेत दक्षिण बिहार के कई जिले में जाने में सुविधा होगी। कन्हौली में ही पटना शहर का दूसरा बड़ा अंतर्राज्यीय बस अड्डा बनाने को जमीन अधिग्रहण हुआ है। यहां से उत्तर बिहार के सारण, सिवान, गोपालगंज, पश्चिमी चंपारण के साथ औरंगाबाद, अरवल, आरा, सासाराम, बक्सर आदि जिलों के लिए बसें खुलेंगी। उत्तर प्रदेश जाने वाली बसें भी यहीं से खुलेंगी।

भास्कर नॉलेज निर्माणाधीन हाईवे परियोजनाएं व/किमी लागत

मानिकपुर साहेबगंज हाइवे	40 करोड़	मुजफ्फरपुर- सोनबरसा	39 करोड़
साहेबगंज-अरेराज-बेतिया	48 करोड़	खगड़िया- पूर्णिया	29 करोड़
मोकामा-मुंगेर	54 करोड़	पटना-आरा-सासाराम	24 करोड़

जमीन अधिग्रहण शुरू होगा, आधा पैसा केन्द्र व आधा राज्य खर्च करेंगे

लंबाई
8.48 किमी है इसकी लंबाई

लागत
778 करोड़ है इसकी लागत

लेन की संख्या-6

राज्य की महंगी हाईवे परियोजना

निर्माण... शीघ्र काम शुरू होने की उम्मीद

एजेंसी का चयन जल्द ही होगा

83.76 हे. जमीन अधिग्रहण होगा